देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 24 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 18 अप्रैल 2020

**विचार-प्रवाह...**मदद के लिए प्रचार करें





PAGE 3 PUBLICATION | मौसम | अधिकतम 27.0° | न्यूनतम 16.0° | 31455.75 | 2 डोनाल्ड ट्रंप ने जारी किए दिशा निर्देश | 7 धमकियों से नहीं डरतीः बबीता

# आरबीआई ने दिया दूसरा बूस्टर

## कोरोना का कहर झेल रही अर्थव्यवस्था को फिर मिला रिवर्ज बैंक से बूस्टर डोज


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोनावायरस के दंश से भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से उबर सके, इसके लिए रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कई राहत उपायों की घोषणा की। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक ओर जहां बैंकों को ज्यादा से ज्यादा रकम अर्थव्यवस्था में लगाने के लिए रिवर्स रीपो दर घटा दिया तो वहीं माइक्रोफाइनैंस कंपनियों और एनबीएफसी को आसानी से फंड उपलब्ध कराने के लिए टीएलटीआरओ 2.0 की घोषणा की। इसके अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था और लघु उद्यमियों को असानी से लोन उपलब्ध कराने के लिए भी अलग से रकम उपलब्ध कराने की घोषणा की।

इससे पहले रिजर्व बैंक ने बीते 27 मार्च को अर्थव्यवस्था के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी, जिसमें 3.74 लाख करोड़ रुपये का लिक्विडिटी बूस्ट मिला था।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को अचानक बुलाई प्रेस कांफ्रेंस में स्वीकार किया कि इस समय हम कोरोनावायरस के खिलाफ जो लड़ाई लड रहे हैं, वैसी लड़ाई पहले कभी नहीं लड़ी गई थी। इसलिए अर्थव्यवस्था से जुड़ी वैसी इकाइयों के लिए आसानी से कर्ज की उपलब्धता का बंदोबस्त करना होगा, जिससे कारोबार को बल मिले। इसलिए उन्होंने टार्गेटेड लॉन्ग टर्म रीपो ऑपरेशन के तहत लिक्विडिटी मैनेजमेंट के लिए 50 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया। इससे नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और माइक्रो फाइनैंस इंस्टिट्यूशंस को फंड मिलेंगे। ये संस्थान वैसे वर्ग को कर्ज मुहैया कराते हैं, जिनकी पहुंच आमतौर पर बैंकों तक नहीं हो पाती है।

रिजर्व बैंक ने कुछ और उपायों की भी घोषणा की। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि बेसल गाइडलाइन्स के तहत एनबीएफसी को ऐसेट क्लासिफिकेशन में 90 दिन का मोरेटोरियम पीरियड मिलेगा।



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी उपाय

रिजर्व बैंक ने नाबार्ड के लिए 25 हजार करोड़ रुपये, सिडबी के लिए 15 हजार करोड़ रुपये जबकि नैशनल हाउसिंग बैंक के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का भी प्रावधान किया। नाबार्ड को मिली राशि से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों और माइक्रो फाइनैंस इंस्टीट्यूशंस का वित्तपोषण होगा जबकि सिडबी को मिली रकम से लघु उद्यमियों को आसानी से कर्ज मिल सकेगा। नैशनल हाउसिंग बैंक के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का ऐलान कर रिजर्व बैंक ने संकेत दे दिया कि आने वाले दिनों में आवासीय क्षेत्र में भी गतिविधियां बढ़ेंगी।

### ब्याज दर कम रहेगी

रिजर्व बैंक ने कहा कि माइक्रो फाइनैंस इंस्टीट्यूशंस, नाबार्ड, सिडबी और नैशनल हाउसिंग बैंक के लिए जिस राशि का प्रावधान किया गया है, वह उन्हें रीपो रेट मतलब 4 फीसदी के वार्षिक ब्याज दर पर ही मिलेगी।

**बैंक भी देंगे ज्यादा लोन**

शक्तिकांत दास ने कहा कि 15 अप्रैल को रिजर्व बैंक के पास बैंकों ने 6.9 लाख करोड़ रुपये जमा कराया था। इसलिए रिजर्व बैंक ने आज रिवर्स रीपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे चार फीसदी से घटा कर 3.75 फीसदी कर दिया।

**राज्यों को मिलेगी अतिरिक्त राशि**

कोरोना संकट की वजह से राज्यों के राजस्व में कमी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने उनके वेज ऐंड मीन्स अडवांस लिमिट को 30 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दिया। मतलब राज्य अपने जरूरी काम में कटौती नहीं करें।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में अबतक 13585 केस, 439 मौतें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देशभर में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। गुरुवार रात तक यह आंकड़ा 13 हजार पार पहुंच चुका था। इसमें से 1749 मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं 439 ने अपनी जान गंवा दी है। दुनिया की बात करें तो अबतक कोरोना के 2,182,197 मरीज सामने आ चुके हैं। इसमें से 145,521 की मौत हो चुकी है।

### बिना इजाजत फीस नहीं बढ़ा सकते निजी स्कूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में प्राइवेट स्कूल लॉकडाउन के दौरान न तो छात्रों से फीस मांग सकते और न ही स्कूल फीस बढ़ा सकते। यह बात उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से शिक्षा और अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। मुझे और सरकार को कई जगह से शिकायत मिल रही है कि कुछ स्कूल बढ़ा फीस ले रहे हैं। ये लोग सरकार से बिना इजाजत लिए फीस बढ़ा रहे हैं।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि एक नहीं तीन-तीन महीने की फीस मांगने की शिकायत आ रही है। शिकायत मिल रही है कि जो बच्चे फीस नहीं दे रहे उनकी ऑनलाइन क्लास स्कूल में बंद करा दी गई है।

### कोटा से लौटेंगे 7500 छात्र, योगी ने भेजीं बसें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। लॉकडाउन के दौरान राजस्थान के कोटा में इंजिनियरिंग व मेडिकल की कोचिंग करने वाले यूपी के करीब 7500 छात्र फंसे हुए हैं। छात्रों के अभिभावकों ने सरकार से गुहार लगाई है कि किसी तरह उनके बच्चों को यूपी वापस लाया जाए। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को वहां फंसे छात्रों को वापस बुलाने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार दोपहर तक उन्हें वापस लाने के लिए 247 रोडवेज बसें चलाने की तैयारी की जा चुकी है।

## हम दवा दे रहे, पाकिस्तान आतंकी भेज रहा: आर्मी चीफ

■जनरल नरवणे ने किया कुपवाड़ा जिले का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में अपने दौरे के लिए पहुंचे भारतीय सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने पाकिस्तान की नापाक हरकतों की आलोचना की है। कोरोना के संकट काल में पाकिस्तानी घुसपैठ की घटनाओं पर सेना प्रमुख ने कहा है कि ऐसे वक्त में जब भारत अपने देश और दूसरे देशों के लोगों की मदद कर रहा है, उस समय में पाक आतंक की साजिश में जुटा है।

शुक्रवार को सेना प्रमुख ने कुपवाड़ा में कहा, दुनिया भर में कोरोना की जंग के बीच भारत आज सिर्फ अपने ही नहीं, बल्कि अन्य देशों के लोगों की भी मदद कर रहा है। दुनिया में दवाओं की कमी और चिकित्सकीय सेवाओं के संकट के बीच भारत जहां सभी देशों को कोरोना से उबरने की सहायता देने में जुटा है, वहीं पाकिस्तान अब भी आतंक की साजिश से ही कश्मीर को अशांत करने में जुटा हुआ है।

बता दें कि कुपवाड़ा जिले के तमाम इलाकों में पाकिस्तान की ओर से बीते कुछ दिनों में कई बार सीजफायर का उल्लंघन किया जा चुका है। दुनिया भर में कोरोना के कहर के बीच पाकिस्तान ने बीते दिनों कुपवाड़ा के केरन में आतंकियों के एक बड़े दल की घुसपैठ कराई थी, जिसमें शामिल पांच आतंकियों को भारतीय सेना ने ढेर कर दिया था।

## डब्ल्यूएचओ ने कोरोना से लड़ाई में भारतीय भूमिका की तारीफ की

# लॉकडाउन बढ़ाने का निर्णय बिल्कुल सही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन ग्लोबल आउटब्रेक अलर्ट और रेस्पॉन्स टीम के चेयरमैन डेल फिशर ने कोरोना से लड़ाई में भारतीय भूमिका की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी से लड़ने में भारत जैसे घनी आबादी वाले देशों की सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

गुरुवार को बेनेट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कोविड-19 बायोटेक से बचाव और निपटने के लिए वैश्विक ऑनलाइन सम्मेलन में बोलते हुए, फिशर ने कहा कि लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से उठाने का भारत का निर्णय सही दिशा में एक कदम है।

**चरणबद्ध तरीके से हटना चाहिए लॉकडाउनः** फिशर ने कहा, "लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से उठाया जाना चाहिए, क्योंकि वायरस समुदाय (कम्यूनिटी) के माध्यम से फैलता है। उन्होंने कहा कि यदि लॉकडाउन को एक बार में हटा दिया जाता है, तो देश ट्रांसमिशन की उच्च दरों में आने का जोखिम उठाता है। भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार के विजयाधवन ने कहा कि लॉकडाउन उठाने के बाद वायरस के फैलने को रोकने के लिए डिजिटल संपर्क ट्रेसिंग एक तरीका है। के विजयाधवन ने कहा कि इससे लोग जहां जा रहे हैं वो इलाका जाने योग्य है या नहीं। मसलन की वहां कोरोना वायरस का संक्रमण कितना है। इससे लोग जान सकेंगे कि सुरक्षित हैं या नहीं।

**जांच में तेजी लाने के लिए सरकार कर रही है प्रयासः** के विजयाधवन ने टेस्टिंग पर जोर देते हुए कहा कि सरकार टेस्टिंग नंबरों पर सख्ती कर रही है और जांच करने वालों की उपलब्धता, टेस्टिंग लैब की संख्या और रिएक्टर आपूर्ति जैसे मुद्दों पर सरकार काम कर रही है। विजयाराघवन ने कहा कि देश में परीक्षण बढ़ाने के लिए हाई थ्रूपुट परीक्षण मशीनों की भी खरीद की है।

### खुद बनाने होंगे टेस्टिंगः शॉ

बायोकॉन लिमिटेड की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने पहले दिन के उद्घाटन सत्र में कहा कि महामारी ने परीक्षण किट विकसित करने में भारत की क्षमता को दिखाया है क्योंकि अभी कुछ समूह उन्हें विकसित करने में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें टेस्टिंग किट के लिए बहुत सारे एलीमेंट्स को आयात करने की आवश्यकता है। लेकिन हमें किट के हर घटक को स्वदेशी बनाने की जरूरत है और हमने महसूस किया कि हमारे पास वे क्षमताएं हैं।



घनी आबादी वाले देशों की सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण

## कहीं हल्की बारिश तो कहीं धूल भरी आंधी

उत्तराखंड में कुछ जगहों पर हो सकती है बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। राजधानी दिल्ली में तो अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। बात अगर देश में अगले 24 घंटे में मौसम के मिजाज की करें तो कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज होगा। कुछ जगहों पर धूल भरी आंधी का भी पूर्वानुमान है।

आईएमडी के मुताबिक अगले 24 घंटों में तेलंगाना, रॉयलसीमा और नॉर्थ कर्नाटक में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। प्राइवेट फोरकास्टर स्काईमेट के मुताबिक पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अगले 24 घंटे में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। पश्चिमी यूपी और हरियाणा में भी हल्की बौछारें हो सकती हैं। पूर्वोत्तर भारत में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in